फायर एनओसी : संस्थाओं को नगर निगम जारी करेगा नोटिस

हर महीने दो से तीन एनओसी हो रही जारी, निगम लगातार नोटिस कर रहा जारी

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,17 जून.दिल्ली की एक होटल में जून के पहले सप्ताह में आग लगने से 23 लोगों की मौत हो चुकी है। वही शहर में भी दो घटनाएं बड़ी हो चुकी है। हालांकि इस दोरान कोई जनहानि नहीं हुई। इसके बाद भी शहर के बड़े उद्योग और संस्थाएं फायर एनओसी लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

नगर निगम का अग्नि शमन विभाग पिछले तीन महीने में तकरीबन 40 संस्थाओं को नोटिस दे चुका है। हर महीने दो से तीन संस्थाओं को फायर एनओसी जारी की जा रही है। शेष संस्थाओं को नोटिस पे नोटिस देकर समझाइश दी जा रही है। अग्नि शमन अधिकारियों की मानें तो निगम के 48 वार्डो में 350 लघु उद्योग, अस्पताल, स्कूल, मेरिज लॉन और अन्य संस्थाएं है। इन संस्थाओं में खुद का फायर सिस्टम विकसित करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए फायर एनओसी हासिल करने का नोटिस दिया जा चुका है। अधिकांश संस्थाओं में अब तक फायर सिस्टम विकसित नहीं हो पाया है। दरअसल इसका कारण नियम की कमी है। इस पर केवल 500 से 1000 रुपए का जुर्माना वसूल करने का नियम है। इस वजह से लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। फायर सिस्टम विकसित करने में 2 से 2.50 लाख रुपए का खर्च है।

ये घटनाएं है उदाहरण

23 जनवरी 2026 में इमलीखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में एक प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री में भीषण आग लग गई।80 लाख रुपये से अधिक का कच्चा माल और मशीनें जलकर खाक हो गया।दमकल की 10-12 गाडियों ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

12 फरवरी 2026 को बुधवारी बाजार स्थित भारत रुई भंडार में देर रात करीब 12.30 बजे आग भडक उठी। लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया।उसे संभालने में 7 फायर ब्रिगेड को लगाया गया।निगम की तीन फायर बिग्रेड थी।शेष दूसरी नगरीय निकायों की थी।

इनका कहना है...

नगर निगम क्षेत्र की 40 संस्थाओं को फायर एनओसी लेने नोटिस दिया जा चुका है। हर महीने दो से तीन संस्थाओं को एनओसी जारी की जा रही है। एक दो दिनों में और भी संस्थाओं को नोटिस जारी किया जाएगा।

अभिषेक दुबे
अग्नि शमन अधिकारी, नगर निगम

शहीद की पत्नी ने सहकर्मी पर अभद्र टिप्पणी का लगाया आरोप

शिकायत मिलते ही सांसद ने प्रभारी मंत्री, कलेक्टर और विभागीय मंत्री से की कार्रवाई की अनुशंसा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,17 जून. आईटीआई में एक संवेदनहीन और मानसिक प्रताड़ना का गंभीर मामला सामने आया है। यहा। आईटीआई संस्थान में पदस्थ एक शहीद की पत्नी (जिन्हें पति की शहादत के बाद शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के तहत सहायक ग्रेड-3 का पद मिला था) को उनके ही कार्यालय के एक वरिष्ठ सहकर्मी द्वारा लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता की गोपनीयता और कानूनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनका और उनके शहीद पति का नाम उजागर नहीं किया जा रहा है। इस गंभीर मामले की शिकायत मिलते ही क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू ने तुरंत कड़ा रुख अपनाया है। सांसद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के प्रभारी मंत्री और कलेक्टर से सीधे बात की है। साथ ही संबंधित विभागीय मंत्री को पत्र लिखकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ तत्काल व कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही है।

क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले एक शहीद की विधवा हैं। पति की शहादत के बाद मध्य प्रदेश शासन द्वारा उन्हें संवेनशीलता दिखाते हुए आईटीआई छिंदवाड़ा में सहायक ग्रेड-3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी थी। जहाँ वे पूरी जिम्मेदारी से अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसी कार्यालय में पिछले लगभग 20 वर्षों से पदस्थ सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी बीपी झारिया द्वारा उनके साथ लगातार अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। आरोपी कर्मचारी ने पीड़िता के विधवा होने को लेकर बेहद अभद्र, अशोभनीय और अनर्गल टिप्पणियाँ की। जिससे वे लंबे समय से गहरे मानसिक तनाव और प्रताड़ना से गुजर रही हैं।

अन्य महिला सहकर्मियों के साथ भी अभद्रता

शिकायती पत्र के अनुसार, आरोपी कर्मचारी का यह व्यवहार केवल शहीद की पत्नी तक ही सीमित नहीं है। इसी जून महीने में आरोपी ने संस्था की एक अन्य महिला प्रशिक्षण अधिकारी पर भी अनर्गल टिप्पणियाँ कीं और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इसके अलावा, पूर्व में एक और महिला प्रशिक्षण अधिकारी के साथ भी आरोपी द्वारा अभद्रता की जा चुकी है। इन सभी मामलों की शिकायतें प्राचार्य तक पहुचीं, लेकिन आज दिनांक तक आरोपी के विरुद्ध किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

फांसी के फंदे में लटका युवक,मौत

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,17 जून. देहात थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।बताया जा रहा है कि उसने सूने घर में फांसी लगाई थी। जानकारी अनुसार शिवम पिता रोशन बरकड़े उम्र 23 ढिमराढाना का रहने वाला है।



उसके घर से कुछ दूरी पर दादा-दादी का मकान है। जो हमेशा खाली पड़ा रहता है। मंगलवार की शाम वह पांच करीब उस मकान में गया। वहां जाकर वह रस्सी का फंदा बनाकर बल्ली से लटक गया। किसी गांव वाले ने उसकी मां को बताया कि शिवम लटका हुआ है। जैसे ही मां उस मकान में पहुंची। कमरे में एक बल्ली से लटका हुआ पाया गया। मां ने तत्काल आवाज देकर परिजनों और ग्रामीणों को बुलाया।

उसे तत्काल एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने जिला अस्पताल लेकर जाने की सलाह दी। उसके बाद परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दोरान लगभग 8 बजे दम तोड़ दिया। मौत की खंबर सुनकर परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों का सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जहर सेवन से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,17 जून. तामिया थाना क्षेत्र के वार्ड नबंर 12 के रहने वाले युवक की जहर सेवन से मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते उसने जहर का सेवन किया है।

जानकारी के अनुसार ललित पिता प्रदीप डेहरिया उम्र 26 साल तामिया के वार्ड नंबर 12 का रहने वाला है। वह कुछ दिनों से परेषान चल रहा था। हालांकि इस दौरान उसे माता-पिता ने भी परेशान होने का कारण पूछा, उसने कुछ नहीं बताया। बीते दिन अचानक उसने जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। उल्टियां होते देख परिजनों ने उसे तामिया अस्पताल में भर्ती कराया; जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बच्चों के समग्र विकास के लिए दिया प्रशिक्षण

छिंदवाड़ा. स्थानीय महर्षि विद्या मंदिर, नागपुर रोड में सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली के निर्देशानुसार 09 से 11 अप्रैल तक सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (25 घंटे) का समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर प्रशिक्षक रसपाल सिंह भोमरा प्राचार्य यूनिक इंटरनेशनल स्कूल परासिया ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता का शिक्षा में उपयोग पर विभिन्न कारकों को स्पष्ट किया। तृतीय दिवस पर प्राचार्या सुश्री श्रद्धा श्याममोहन त्रिपाठी ने भारतीय ज्ञान परम्परा का लक्ष्य ज्ञान का लोक कल्याण हेतु उपयोग, जीवन दर्शन, चेतना विज्ञान, आयुर्वेद, वेदान्त एवं बच्चों की अधिगम क्षमता के बारे में सारगर्भित प्रशिक्षण देकर बच्चों के समग्र विकास के लिए क्रियान्वयन की प्रेरणा दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के स्टॉफ ने सक्रिय उपस्थिति दी।

नाबालिक पीड़िता के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

एक साल पूर्व दिया था घटना को अंजाम, न्यायालय ने अर्थदण्ड की भी सुनाई सजा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,17 जून. एक साल पूर्व हुए बलात्कार के मामले में अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव ने थाना दमुआ के विशेष प्रकरण क्रमांक एससी 15,2025, अपराध क्रमांक 147,2025 के आरोपी रोहित पिता सुरेश दर्शमा, आयु 20 वर्ष को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 5 (एल)/6 में आजीवन कारावास और 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। बता दें कि विशेष लोक अभियोजक सहा0 जिला अभियोजन अधिकारी मोहित नामदवे द्वारा बताया गया की 14 जून 2025 को पीडिता ने थाना दमुआ में उपस्थित होकर आरोपी रोहित दर्शमा के विरुध्द शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 जून 2025 के शाम बरीब 07 बजे मुझे घर के पास आरोपी रोहित दर्शमा मिला। उसने कहा मुझे कुछ जरूरी बात करना है।

रात करीब 11 बजे आरोपी रोहित को फोन उसके कहने पर किया था। आरोपी रोहित ने मुझे स्कूल के पीछे बुलाया। मैं गई जहां आरोपी रोहित खड़ा था। आरोप रोहित बोला मैं बस तुमसे मिलना चाहता था। मैं वहा से जाने लगी तो रोहित ने मेरा हाथ पकड और मुझे जमीन पर पटक दिया और मेरा मुंह दबाकर, कपडे उतारकर मेरे साथ जबरदस्ती करने गलत काम बलात्कार किया। जिसके बाद में बेहोस हो गई थी, कुछ समय बाद मेरे माता-पिता और भाई मुझे ढूढते हुए आए। तब मैने उन्हें घटना की जानकारी दी। पीड़िता के वीडियों ग्राफी कथन व ब्लड सेम्पल व डीएनए कार्यवाही व जब्ती गिरफ्तारी करने के उपरांत प्रकरण में संपूर्ण अनुसंधान के पश्चात् अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्को से सहमत होकर न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दंडित किया गया एवं पीडिता को 2 लाख रूपये प्रतिकर देने के लिये विधिक सहायता प्राधिकारण को आदेशित किया गया। मध्यप्रदेश शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक, सहा0 जिला अभियोजन अधिकारी मोहित नामदेव के द्वारा प्रकरण में पैरवी की तथा प्रकरण की विवेचक उपनिरीक्षक अजना मारावी एच उपनिरीक्षण रामनारायण दाहिया के द्वारा की गयी।

जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

छिन्दवाड़ा। बीते कुछ माह से लंबित जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आज आयोजित की जावेगी। यह बैठक कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आयोजित होगी।जिला रोगी कल्याण समिति की कार्यकारी सभा की बैठक गुरुवार दोपहर 3.30 बजे कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में आयोजित की गई है।सचिव रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय ने सभी संबंधितों को इस बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है।

आरोपी का सहयोग करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

नाबालिग अपहरण कांड में पुलिस का बड़ा एक्शन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,जुन्नारदेव /17 जून. स्थानीय पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अरशद शेख उर्फ काजू के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

इन आरोपियों पर अपहरण की जानकारी होने के बावजूद पुलिस से तथ्य छिपाने, मुख्य आरोपी का सहयोग करने और साक्ष्य मिटाने का गंभीर आरोप है।

मुख्य आरोपी के बयानों पर हुई गिरफ्तारी

पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी अरशद शेख उर्फ काजू से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी और ठोस साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आज 17 जून को इन पांच सहयोगियों को हिरासत में लिया। सभी आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में जिला जेल छिंदवाड़ा भेज दिया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की सूची

जितेश जयादासन (30 वर्ष) पिता पी. जयादासन, शेख अनस उर्फ दादू (26 वर्ष) पिता शेख सलीम, अरशद अहमद (29 वर्ष) पिता अनवर अहमद, प्रतीक वासनिक (27 वर्ष) पिता नंदकिशोर वासनिक,अनिकेत बेलवंशी उर्फ अन्नी (26 वर्ष) पिता महेश बेलवंशी,

फरार आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस टीम उनकी पतासाजी में जुटी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाएगा।

वाहन की टक्कर से युवक की हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,17 जून. उमरानाला के शक्कर झिरी में हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे नागपुर रेफर कर दिया गया।

जानकारी अनुसार रामकृष्ण पिता किशन भलावी उम्र 35 साल शक्कर झिरी गाव का रहने वाला है। वह बाइक से किसी काम घर से निकला हुआ था। इसी दोरान गांव में ही सामने से आ रहे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों को जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने के कारण नागपुर रेफर कर दिया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बार बार गेट बंद होने से लग रहा लंबा जाम

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,17 जून. चार फाटक रेलवे गेट दिन भर में बार बार बंद होने से आवागमन खासा बाधित हो रहा है। हालात यह है कि दिन भर में तकरीबन एक दर्जन बार बदं होने से गेट के दोनो ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग जाती है।

गेट खुलने पर जाम खुलने में तकरीबन आधा धंटे लग जाता है। ऐसे में सबसे अधिक समस्या आसज्पास के रहने वाले लोगों को रही है। हालांकि जनता को अंडर ब्रिज बनने का इंतजार है। जिसके

बाद यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। अब यह अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य कब तक प्रारंभ होगा, यह लोगों को लिए मील का पत्थर बना हुआ है। इधर गेट बंद के दौरान ब्रिज के नीचे फल-फूल ओर अन्य दुकानें और जाम की स्थिति को और भयावय बना देती है। जिससे जाम से निकलने में लोगों को मशक्कत करना पड़ती है।

रेलवे स्टेशन के सामने भी जाम

इधर गेट बंद होने के बाद ब्रिज से उतरने वाले वाहन चालक, गंज की ओर से आने वाले वाहन चालक और सिवनी मार्ग से आने वाले वाहन चालकों का जमावड़ा लग जाता है। ऐसे में यहां का ट्रेफिक भयानक हो जाता है। जिससे यहां से निकलने में भारी मशक्कत करना पड़ती है।

हितग्राही को सीधे मिल रहा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : सांसद

छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में गांवों और शहरों के हर पात्र हितग्राहियों को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। अब लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए बिजोलियों की मदद नहीं लेनी पड़ रही है। अब हितग्राहियों के खाते में सीधे जनकल्याणकारी योजनाओं की सहायता राशि भेजी जा रही है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने बिछुआ के ग्राम ने राघादेवी, साहनवाड़ी, पनियारी और बड़ोसा में चौपाल लगाते हुए आमजनों को संबोधित करते हुए कही। सांसद बंटी विवेक साहू ने बिछुआ के गांवों में चौपाल लगाकर चौपाल में बडी संख्या में पहुंचे आदिवासी भाई-बहनों व ग्रामीणों और आमजनों से चर्चा करते हुये उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण भी किया है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्रामीणों को बताया कि मोदी सरकार के 12 साल विश्वास,विकास एवं जनकल्याण के रहे है। इस दौरान सांसद श्री साहू ने ग्रामीणों एवं आमजनों को बताया कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शतप्रतिशत लोगों को लाभ मिल रहा है। सांसद श्री साहू ने जहा राघादेवी में स्थित मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इस दौरान सांसद ने गांवों में पौधारोपण भी किया। सांसद बंटी विवेक साहू ने चौपालों में पहुंचकर आमजनों पर फुलों की वर्ष करते हुये आमजनों का अभिनंदन और स्वागत भी किया।

विकास और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाना है : सुनील उइके

जुन्नारदेव एवं नवेगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,17 जून. जुन्नारदेव कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जुन्नारदेव एवं नवेगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आज सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का आधार है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से गांव-गांव, बूथ-बूथ तक संगठन को मजबूत करने तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार अभियान, बूथ समितियों के गठन एवं सुदृढ़ीकरण, तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर संगठनात्मक गतिविधियों को

और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के अधिकारों और हितों की लड़ाई लड़ती रही है तथा संगठन की मजबूती के माध्यम से आमजन की आवाज को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा।विधायक सुनील उइके ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर क्षेत्र के विकास, जनसेवा एवं जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी गोविंद राय, विनोद मालवे एवं जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके जिला महासचिव गुरुचरण खरे की मुख्य उपस्थिति में आयोजित की गई.

मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड योजना में पांढुर्णा जिले ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

पांढुर्णा. प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार के निर्देशन में मत्स्य विभाग द्वारा नवीन सत्र 2026-27 के अंतर्गत मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। मत्स्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांढुर्णा जिले को निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 16 जून तक दोगुने प्रकरण प्रस्तुत कर दिए गए हैं। विभाग द्वारा बताया गया है कि यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा, जिससे अधिक से अधिक मछुआ किसानों को योजना का लाभ मिल सके।विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों की स्वीकृति (सेन्क्शन) प्रक्रिया भी जारी है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589